Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 04-08-2005

Participants : Singh Shri Prabhunath

>

Title: Need to open a Kendriya Vidyalaya at Maharajganj in Siwan district, Bihar. – Laid.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : महोदय, बिहार प्रांत अंतर्गत सिवान जिले का महाराजगंज शहर अनुमंडल मुख्यालय के साथ साथ प्रमुख व्यवसायिक केन्द्र भी है। महाराजगंज में पुलिस अनुमंडलीय मुख्यालय, रेलवे स्टेशन, पोस्ट ऑफिस, दूरसंचार कार्यालय, उच्च विद्यालय, महाविद्यालय, हॉस्पिटल आदि सुविधा उपलब्ध है। महराजगंज एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है। महराजगंज के व्यवसायिक महत्व को देखते हुए इस शहर को रेलवे से जोड गया है। महराजगंज मुख्यालय एवं इसके आसपास के क्षेत्रों में हजारों की संख्या में सेना में कार्य करने वाले सैनिक एवं सेवा निवृत सैनिक, केन्द्रीय कर्मचारी एवं सेवा निवृत कर्मचारी निवास करते हैं। परन्तु, उनके बच्चों के शिक्षा अध्ययन के लिए कोई भी केन्द्रीय विद्यालय नहीं है, जिसके कारण बच्चों को शिक्षा अध्ययन हेतु बाहर भेजना कर्मचारियों की मजबूरी है, जिसके कारण अभिभावकों को अनावश्यक आर्थिक बोझ का वहन करना पड़ता है। अगर महराजगंज में केन्द्रीय विद्यालय खुल जाये तो इस क्षेत्र के कर्मचारियों एवं आम लोगों की बहुत बड़ी समस्या का स्थायी समाधान हो जायेगा। ज्ञातव्य हो कि महराजगंज मुख्यालय केन्द्रीय विद्यालय खोलने की सभी आवश्यक मापदंडों को पूरा करता है।

महराजगंज में केन्द्रीय विद्यालय खोलने के मानव संसाधन मंत्रालय के प्रस्ताव की स्वीकृति हेतु केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा समाहर्ता सिवान को निर्धारित मापदंडों की जानकारी प्राप्त करने के लिए पत्र भेजा जा चुका है, परन्तु अभी तक इस कार्य में काई प्रगति नहीं दिख रही है।

मैं आपके माध्यम से बिहार प्रांत के महराजगंज अनुमंडल मुख्यालय, जिला सिवान में केन्द्रीय विद्यालय शीघ्र खोलने की सरकार से मांग करता हूं।